# अधिकारी गुड गवर्नेंस और इनोवेशन पर करें फोकस : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**वार्षिक अधिवेशन**

**8 सरकार के निर्णयों को धरातल पर उतारने की पूरी जिम्मेदारी अधिकारियों पर होती है :मुख्यमंत्री**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रान्तीय सिविल सेवा के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा आप समन्वय स्थापित करेंगे, उतने ही जनहित में कार्य और तेजी से होंगे। सरकार की ओर से लिये गये नीतिगत निर्णयों को धरातल पर उतारने की पूरी जिम्मेदारी अधिकारियों पर होती है। आप गुड गवर्नेंस के अग्रदूत हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से गुड गवर्नेंस और इनोवेशन पर जोर देने की अपील की।

सुभाष रोड स्थित एक होटल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि यह बातें कहीं। उन्होंने संघ की वार्षिक पत्रिका आरोही का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने संघ को अधिवेशन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघ की ओर से जो मांग पत्र दिया गया है, उन सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आप सभी सरकार के प्रमुख अंग हैं। जब आपके ओर से जनहित में सराहनीय कार्य किये जाते हैं, तो इससे सरकार के प्रति जनता का और विश्वास बढ़ता है। अधिकारी सरकार और जन सामान्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हमारे अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में उत्तराखंड की एक अलग छवि बनी है, इस छवि को बनाए रखने के लिए हमारे सभी अधिकारियों को ब्रांड एम्बेसडर के नाते कार्य करना है। उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रान्तीय सिविल सेवा सामान्य सेवा नहीं है। करोड़ों लोगों में से कुछ लोगों को इस प्रकार सेवा करने का अवसर मिलता है। उत्तराखंड की लगभग सवा करोड़ की जनता की सेवा और राज्य हित के लिए लिए आपको जो सेवा का अवसर मिला है, सभी पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे, ऐसी मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जबसे उन्हें प्रदेश के मुख्य सेवक का दायित्व मिला है, तब से नियमित दिनचर्या, मन और विचार से उन्होंने एक-एक पल प्रदेश की सेवा में लगाया है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारियों से जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए त्वरित निर्णय के साथ सुशासन और योजनाओं की आमजन तक जल्द पहुंच के मंत्र पर कार्य करने का आह्वान किया। नो पेंडेंसी के मूल मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ें। हमें राज्य में नया कार्य व्यवहार अपनाना है।

# मसूरी लढ़ौर बाजार के बूचड़खाने में एक गोदाम में आग लगने से मचा हड़कंप

**काबू**

**8 इसकी सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।**



**देहरादून/मसूरी/टीम एक्शन इंडिया**
मसूरी लढ़ौर बाजार के बूचड़खाने में एक गोदाम में आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। मसूरी पुलिस ने बताया कि मसूरी बूचड़खाने के नफीस कुरैशी के गोदाम में अचानक से सुबह के समय आग लग गई। गोदाम में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया वही आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। गोदाम मालिक नफीस कुरैशी ने बताया कि सुबह के समय जब वह उठे तो उन्होंने देखा कि उनकी गोदाम से धुआं उठ रहा है और जैसे वह गोदाम के पास पहुंचे तो देखा गोदाम में आग की लपटें निकल रही हैं। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## मछली उत्पादन के लिए अब 10 साल के लिए दिए जाएंगे तालाब

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अभी तक तालाब को ठेके पर पांच साल के दिया जाता है, लेकिन तालाब में पहले वर्ष में मत्स्य बीज संचय करने में लगता है। जबकि क्षमता के अनुसार मछली उत्पादन प्राप्त करने में लगभग दो वर्ष का समय लगता है।

मछली पालन में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने जलाशय को ठेके पर देने की अवधि पांच साल से बढ़ा कर 10 साल कर दी है। सरकार का अनुमान है कि इससे तालाबों में मछली उत्पादकता प्रति हेक्टेयर 65 किलो. तक होने का अनुमान है। तालाबों को ठेके पर देने की प्रक्रिया टेंडर के माध्यम की जाएगी।

# उत्तराखंड : समान नागरिक संहिता पर आई निर्णायक घड़ी

**यूसीसी**

**8 सरकार ने यूसीसी का तैयार करने वाली देसाई कमेटी का कार्यकाल 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया है**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर निर्णायक घड़ी बहुत करीब आ गई है। पांच फरवरी से विधानसभा का सत्र आहूत किया जा रहा है, जिसमें यूसीसी लागू करने के संबंध में अहम फैसला किए जाने की संभावनाएं बताई जा रही हैं। गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस तरह से यूसीसी का खास जिक्र किया है, उसके भी कई मायने टटोले जा रहे हैं।

इन स्थितियों के बीच, सरकार ने यूसीसी का प्रारूप तैयार करने वाली जस्टिस देसाई कमेटी का कार्यकाल 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि कमेटी का काम पूरा हो चुका है। कार्यकाल सिर्फ तकनीकी वजह से बढ़ाया गया है। यह भी बताया जा रहा है कि दो फरवरी को यह कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। दो फरवरी को ही धामी कैबिनेट का अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

लोकसभा चुनाव की दस्तक दिनों दिन तेज होती जा रही है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सफलता से भाजपा गदगद है। श्रीराम मंदिर के अलावा यूसीसी को भाजपा का प्रमुख मुद्दा माना जा रहा है, जिसको लेकर वह चुनावी जंग में कूदना चाहती है। ऐसे में संभावनाएं प्रकट की जा रही हैं कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के संबंध में अब विलंब के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है। उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने से पूरे देश में इस कानून के लिए आधार तैयार होगा, इसलिए नजरें स्वाभाविक तौर पर उत्तराखंड और यहां की धामी सरकार के ऊपर आकर ठहर गई हैं।

पहले माना जा रहा था कि यूसीसी के लिए सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएगी, लेकिन कुछ दिनों पहले संसदीय कार्यमंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने स्थिति साफ कर दी थी।

उन्होंने कहा था कि चूंकि पिछले सत्र का अवसान नहीं हुआ है और वह स्थगित चल रहा है, इसलिए उसी सत्र को जारी रखा जाएगा और नए या विशेष सत्र बुलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसी के अनुरूप अब पांच फरवरी से विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार जल्द ही समान नागरिक संहिता को उत्तराखंड में लागू कर देगी। मुख्यमंत्री के ताजा ऐलान के बाद अब समान नागरिक संहिता लागू होने के लिए उल्टी गिनती शुरू मानी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीरजा ट्रस्ट ने सड़क दुर्घटना में घायल युवक को दी व्हीलचेयर



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट ने सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक को व्हीलचेयर उपलब्ध करवा कर उसे अपने पैरों पर चलने योग्य बनाया। चैरिटेबल ट्रस्ट की संयोजक नीरजा ने बताया कि ग्राम मागथा पौड़ी गढ़वाल में 28 वर्षीय युवक सड़क दुर्घटना के दौरान दिव्यांग हो गया था। वह इसके चलते सिक्योरिटी गार्ड की जॉब कर अपने घर यापन करता था, लेकिन वह आजीवन चलने फिरने में असमर्थ था। इसको देखते हुए वह अपने जीवन की दिनचर्या अच्छे से कर पाए, इसके लिए उसे ट्रस्ट ने एक अच्छी व्हीलचेयर उपलब्ध कराई।

### अब शहर से बाहर होंगी मांस की दुकानें

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ क्षेत्र से अब जल्द ही सभी मांस मछली की दुकानों को बाहर कर दिया जाएगा। इन दुकानों को सराय भेजने की कवायद शुरू हो गई है। हरिद्वार यूं तो पहले से ही मांस मद्य निषिद्ध क्षेत्र है, लेकिन इसका पूरी तरह पालन नहीं हो रहा।

गौरतलब है कि 1916 में महामना मदन मोहन मालवीय ने अंग्रेजों से गंगा पर बांध की लड़ाई जीतने के बाद हरिद्वार और गंगा की पवित्रता शुचिता की रक्षा के लिए तत्कालीन तीर्थ पुरोहितों व हरिद्वार के गणमान्य जनों को लेकर एक समिति बनायी थी। इस समिति के सुझावों पर ही तब हरिद्वार नगर पालिका ने हरिद्वार के लिए नीति नियम तय किए और हरकी पैड़ी को केंद्र में रखते हुए आठ किलोमीटर क्षेत्र को मांस मदिरा निषिद्ध करते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में भी करीब तीन दर्जन कामों को निषिद्ध कर दिया था। इनमें गंगा तट पर खाने पीने की दुकानें, घाटों पर जूते-चप्पल, वाहन, चमड़े की वस्तुएं प्रतिबंधित की गई थी, लेकिन समय के साथ मांस मदिरा निषिद्ध क्षेत्र घटता चला गया।

अब ज्वालापुर के श्रीराम चौक के बाद से ही मांस मिलना शुरू हो जाता है। जबकि पहले बहादराबाद मिलने वाली शराब भी अब भेल ज्वालापुर कनखल तक बिकने लगी है। फिलहाल प्रशासन ने मांस की दुकानों को शहर से बाहर सराय भेजने की तैयारी कर ली है।

सिटी मजिस्ट्रेट रविन्द्र जुवांठा ने बताया कि मांस की दुकानों के लिए सराय में व्यवस्था कर दी गई है। इसके लिए नगर निगम के साथ मिलकर टीमों का गठन कर दिया गया है। शीघ्र सभी मांस की दुकानों को सराय शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### मंत्री ने सीओ और कोतवाल ऋषिकेश के साथ ट्रैफिक, आस्था पथ सहित कानून व्यवस्था के बाबत वार्ता की

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ऋषिकेश के साथ ट्रैफिक, आस्था पथ सहित कानून व्यवस्था को लेकर वार्ता की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय में हुई बैठक के दौरान डॉ. अग्रवाल ने कहा कि नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारा जाए। आवश्यकतानुसार ट्रैफिक को डायवर्ट भी किया जाए, जिससे स्थानीय सहित बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक व श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से दो-चार न होना पड़े।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आस्था पथ पर गश्त लगाई जाए, जिससे वहां का स्वरूप यथावत बना रहे। असमाजिक लोगों का आस्थापथ पर जमावड़ा ना हो। पुलिस की नियमित गश्त होने से यहां वॉक करने आये नागरिकों को सुरक्षात्मक माहौल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश के अनुसार नियमित रूप से मादक पदार्थ की अवैध बिक्री करने वालों की करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहे। हमने अपनी युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ जागरूक करना है।

# मसूरी उत्तराखंड रोडवेज बस के ब्रेक हुए फेल, तीन कारें हुईं क्षतिग्रस्त, बड़ा हादसा होने से टला



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मसूरी में उत्तराखंड रोडवेज की एक बस के ब्रेक फेल हो गए, जिसकी चपेट में आने से तीन कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है और इस हादसे के बाद बस सड़क किनारे के कार से टकराकर रुक गई। बस के बीच सड़क में हो जाने से दोनों ओर वाहनों का लम्बा जाम लग गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़।

बताया जा रहा है कि सुबह 5 बजे के समय उत्तराखंड रोडवेज की एक बस दिल्ली से मसूरी आई थी और खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ी कर दी गई। मसूरी में राज्यपाल के दौरा होने के कारण सड़क पर खड़ी गाड़ियों को पुलिस ने हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद बस कंडक्टर और ड्राइवर को पुलिस ने बस हटाने के लिये जोर दिया। इस पर बस चालक ने बस को स्टार्ट करके बैक करने की कोशिश की कि तभी अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए और बस अनियंत्रित होकर हो गई, जिसकी चपेट में आने से सड़क पर खड़ी तीन कारें आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं।

बस कंडक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि वह देर रात को दिल्ली से लेकर मसूरी सुबह 5 बजे पहुंचे थे। सुबह 6 बजे मसूरी से देहरादून के लिये सवारी को लेकर जाना था, लेकिन बस के ब्रेक खराब होने के कारण बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि सुबह के समय पुलिस दारोगा ने उनको राज्यपाल का मसूरी दौरा का हवाला देते हुए बस को सड़क किनारे से हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि बस खराब है। तब भी दारोगा ने जीप बस को हटाने की के लिये कहा। इस पर बस चालक ने बस को बैक करने की कोशिश की,लेकिन बस बैक करते ही उसके ब्रेक फेल हो गए, जिससे हादसा हो गया।

क्षतिग्रस्त कार के चालक मनोज वर्मा ने बताया कि वह सुबह सवारी लेकर एयरपोर्ट जा रहे थे, लेकिन पुलिस द्वारा उनको मसूरी लाइब्रेरी बस स्टैंड पर रोक लिया गया। उन्होंने बताया कि उनकी कार पूरी

## मसूरी में लेपर्ड कैट के बच्चे का शव मिलने से मचा हड़कंप

**देहरादून/मसूरी/टीम एक्शन इंडिया** मसूरी पेट्रोल पंप के पास गांधी चौक जाने वाले रास्ते पर एक लेपर्ड कैट के बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने लपेट कैट को गुलदार का बच्चा समझ कर वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने गुलदार के बच्चे जैसा दिखने वाले लेपर्ड कैट के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वन विभाग मसूरी के रेंजर जगजीवन राम ने बताया कि शुक्रवार की देर रात को लेपर्ड कैट का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला। उन्होंने बताया कि लेपर्ड कैट को किसी वाहन ने टक्कर मारी थी, जिससे कि उसकी मृत्यु हो गई।

# भटककर ऋषिकेश पहुंची, नाबालिग को पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**सुपुर्द**

**8 किशोरी जिला उधमपुर, जम्मू कश्मीर रहने वाली है, परिजनों के डांटने पर घर से नाराज होकर निकल गई थी**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश पुलिस ने जम्मू कश्मीर से भटककर ऋषिकेश पहुंची नाबालिग किशोरी को संरक्षण में लेकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि त्रिवेणी घाट पर गश्त के दौरान ऋषिकेश पुलिस के कर्मचारी गणों को एक किशोरी लावारिश अवस्था में दिखाई दी थी, जिससे पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त किशोरी जिला उधमपुर, जम्मू कश्मीर रहने वाली है,जो अपने परिजनों के डांटने पर घर से नाराज होकर निकल गई थी और भटक कर ऋषिकेश पहुंच गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना के दृष्टिगत नाबालिग को संरक्षण में लेकर कोतवाली ऋषिकेश लाकर नाबालिग लड़की के परिजनों से संपर्क किया गया।

कोतवाली ऋषिकेश उपस्थित आने को कहा गया, जिसके बाद उक्त नाबालिग लड़की के पिता पुरुषोत्तम कुमार निवासी ग्राम भटियारी तहसील व थाना रामनगर जिला उधमपुर जम्मू कश्मीर कोतवाली ऋषिकेश उपस्थित हुए हैं।

नाबालिग को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। अपनी पुत्री को सकुशल पाकर पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा उत्तराखंड पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कार्य शैली की प्रशंसा की गई।

# ज्ञानवापी: एएसआई की रिपोर्ट पर भाजपा नेता ने जतायी खुशी



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर आई एएसआई की रिपोर्ट पर खुशी जतायी है।

पत्रकारों से वार्ता में संजय गुप्ता ने कहा कि एएसआई की रिपोर्ट से यह बात पूरी तरह से सत्य साबित हो चुकी है कि कथित ज्ञानवापी मस्जिद को मंदिर तोड़कर बनाया गया था।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि कुछ स्थानों पर मंदिर तोड़कर मस्जिदें बनाई गईं हैं। अभी भी समय है की इसमें कोर्ट, कचहरी न जाकर आपसी सहमति से इन मुद्दों को सुलझा लेना चाहिए। अयोध्या के बाद हिन्दुओं की मूल आस्था के केन्द्र जैसे काशी, मथुरा जैसे चुनिन्दा स्थान हैं, जहां मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गईं है, उन्हें दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी मामला कोर्ट में चल रहा है, किन्तु रिपोर्ट से यह साबित होता है कि वहां पर मंदिर ही था। अन्यथा किसी मस्जिद में स्वस्तिक, ओम, मूर्तियों व नागर शैली की निर्मित दीवारों का क्या काम? उन्होंने कहा कि वहां पर सबसे बड़ी गवाही तो स्वयं भगवान नंदी दे रहे हैं। नंदी का मुख अपने आराध्य भगवान शिव की ओर ही होता है। जहां नंदी का मुख है, उसी के ठीक सामने जिसे कथित तौर पर वजूखाना बताया जा रहा है, वह हमारे आराध्य हैं।

इस कारण अभी भी समय है कि स्वतः ही प्रेम पूर्वक सनातन धर्मियों को वह स्थान सौंप देना चाहिए। इससे देश में एक धार्मिक सहिष्णुता, सद्भावना और प्रेम का नया कीर्तिमान बनेगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में जो तथ्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं, वह वहां पर मंदिर होने की पुख्ता गवाही दे रहे हैं। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण भी मथुरा नगरी में भव्य रूप से विराजमान होंगे।

# पैसे लेकर चरस न देने पर की थी फेरी वाले राजेन्द्र की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसपी ने कोतवाली लक्सर क्षेत्र में हुई कपड़े की फेरी लगाने वाले व्यक्ति की हत्या का खुलासा किया है। हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। नकदी लेकर भी सामान न देने पर आरोपित ने मौत की सजा देने जैसा खौफनाक कदम उठाया।

इस मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि 24 जनवरी को कोतवाली लक्सर पुलिस को जमदग्नि डिग्री कालेज लक्सर के पास संदिग्ध अवस्था में एक पुरुष का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। इस पर एसपी देहात, सीओ लक्सर, प्रभारी निरीक्षक लक्सर समेत पुलिस फोर्स ने तत्काल मौके पर पहुंचे। अथक प्रयासों के पश्चात अज्ञात शव की पहचान अपने पिता के तौर पर करते हुए संजय पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम लक्सर ने 25 जनवरी को पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

संदिग्ध की तलाश में जुटी पुलिस को पता चला कि वह अपना फोन स्विच आंफ कर घर से फरार हो गया है। पुलिस टीम ने पुनः संभावित स्थलों पर दबिश दी और उसे बीती देर शाम ग्राम नगला खिताब से रेलवे स्टेशन की तरफ जाते हुए दबोच लिया। आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए बिहार भागने की तैयारी में था। पुलिस ने संदिग्ध की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, अभियुक्त के खून से सने कपडे, मृतक के जूते, साइकिल व कपडे. की पोटली भी बरामद की।

पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह चोरी और लूट के मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। वह नशे का आदी है। नशा सामग्री की आपूर्ति के लिए उसने अपने परिचित राजेन्द्र (मृतक) के एक माह पूर्व तीन हजार रुपये दिये थे, लेकिन राजेन्द्र ने न चरस दिलायी, न ही रुपये लौटाए। इस कारण 23 जनवरी की रात्रि में जब मृतक कपड़ों की फेरी करके वापस घर लौट रहा था तो रास्ते में दोनों की इसी बात को लेकर बहस हो गयी। लगातार आनाकानी से नाराज होकर उसने तैश में आकर खेत में लकड़ी काटने के लिए साइकिल पर रखी कुल्हाड़ी से मृतक की गर्दन में वार कर हत्या कर दिया और शव को गड्ढे में ले जाकर पत्तों से ढंक दिया। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी आदि बरामद कर लिया। आरोपित का नाम व पता राकेश पुत्र हुकम सिंह निवासी पीपली कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# जीएसटी विभाग का छापा, बीस लाख का सामान जब्त



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य कर विभाग उत्तराखंड ने आज हरिद्वार में एक प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर जीएसटी की चोरी के सामान को जब्त कर लिया। टीम आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

राज्य कर विभाग गढ़वाल जोन ने शनिवार की सुबह अपर आयुक्त राज्य कर विभाग गढ़वाल जोन पीएम डुंगरियाल, संयुक्त आयुक्त राज्य कर रुड़की डॉक्टर सुनीता पांडे के निर्देशन में कार्तिकेय वर्मा उपायुक्त के नेतृत्व में संयुक्त रूप से छापेमारी की। ज्वालापुर के आर्य नगर चौक स्थित मैसर्स गैलेक्सी एंटरप्राइजेज के गोदाम में बिना वैद्य प्रपत्रों के पान मसाले के 80 कट्टे पाए गए, जिन्हें टीम ने जब्त कर लिया। जब्त किए गए माल की अनुमानित कीमत 20 लख रुपए बताई जा रही है। इस दौरान टीम में अविनाश झा, नितिन कुमार, मनोज जोशी, हरि कृष्ण खुगशाल, विनोद आर्य शामिल रहे। टीम आगे की विधि कार्रवाई कर रही है।

# विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे खड़गे

कार्यकर्ता सम्मेलन

8 कांग्रेस नेता का कहना है कि अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का यह दौरा न्याय को जगाने का काम करेगा।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 28 जनवरी (रविवार) को देहरादून के प्रस्तावित दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान देहरादून में एक विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन को लोकसभा चुनाव के लिए आगाज के तौर पर माना जा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि इसमें राज्य भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस नेता का कहना है कि अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का यह दौरा न्याय को जगाने का काम करेगा।

शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष करन महारा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत,पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदयाल, पूर्व




सांसद प्रदीप टम्टा, मीडिया प्रभारी डॉक्टर चयनिका उनियाल ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता की। इस दौरान प्रस्तावित विराट कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए जन सामान्य का आह्वान करते हुए उसमें प्रतिभाग करने की अपील की।

प्रदेश अध्यक्ष करन महारा ने कहा कि यह उत्तराखंड कांग्रेस का सौभाग्य है कि लोकसभा चुनाव के शंखनाद के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार धामों की भूमि उत्तराखंड को चुना। खड़गे की आवाज हर वंचित, शोषित, गरीब और मजलूम की आवाज है। आज जिस तरह से एनसीआरबी का डाटा सामने आया है वह अत्यंत चिंताजनक है। आंकड़ों के अनुसार नौ हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड महिला अपराध के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है, जहां 1 वर्ष में 907 दुष्कर्म और 778 महिलाओं के अपहरण हो गए। ऐसे में देश की जनता कांग्रेस के नेतृत्व की ओर आस भरी निगाहों से देख रही है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आज देश के हालात हैं, उसको राष्ट्रीय अध्यक्ष देवभूमि से संदेश देंगे और वह पूरे देश में जाएगा। आज भाजपा की प्रचंड बहुमत और डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है। भाजपा का ना 2014 का कोई एजेंडा था ना 2019 का और न कोई 2024 का एजेंडा है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा की खड़गे न सिर्फ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष हैं बल्कि इंडिया एलायंस के भी अध्यक्ष हैं। उनका यहां आना कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है, मजदूरों को उत्पीड़नात्मक श्रम कानून से निजात चाहिए, किसानों को महंगाई से, महिलाओं को बढ़ते अपराध और अत्याचार से निजात चाहिए। नौजवान आज हताश और निराश है,भ्रष्टाचार पर अंकुश नही लग पा रहा है।

हरीश रावत ने धामी सरकार के परेड ग्राउंड नहीं दिए जाने की भी निंदा करते हुए कहा कि यह भाजपा में वैमनस्य की भावना को उजागर करता है। परेड ग्राउंड ना देकर सत्ता पक्ष समझता है कि वह विपक्ष की आवाज को दबा देगा, लेकिन ऐसा कतई नहीं होगा।

प्रीतम सिंह ने कहा कि परेड ग्राउंड देहरादून का हृदय स्थल है जिसे शासन प्रशासन ने कांग्रेस को देने से मना कर दिया जो खतरनाक परिपाटी है। रिवर्स पलायन के लिए आयोग गठित हुआ उसकी रिपोर्ट का अता पता नहीं। भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है, लेकिन कांग्रेस पूरी तत्परता से इस लड़ाई को लड़ेगी ।

गणेश गोदियाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का आगमन कोने-कोने से कांग्रेस जनों में आस जगाने वाला और रोशनी देने वाला कार्यक्रम है। प्रदीप टम्टा ने कहा कि राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक जो भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है उसमें पांच बिंदुओं पर बात हो रही है। युवा न्याय महिला न्याय किसान न्याय श्रमिक न्याय और भागीदारी का न्याय। आज रोजगार के सभी स्रोत बंद हो गए हैं। कमजोर वर्ग का उत्पीड़न अपने चरम पर है ऐसे में मल्लिकार्जुन खड़गे का यह दौरा आशा की एक किरण जगाता है।

# धर्म के संरक्षण संवर्धन में ब्रह्मलीन विनोद गिरि महाराज का योगदान अतुल्य : प्रकाश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रह्मलीन श्रीमहंत विनोद गिरि महाराज की तीसरी पुण्यतिथि पर संत समागम आयोजित किया गया। संत महापुरुषों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महान पुण्य आत्मा बताया। भूपतवाला स्थित बाबा अमीर गिरी धाम में आयोजित संत सम्मेलन में प्राचीन अवधूत मंडल के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत विनोद गिरि महाराज एक महान तपस्वी संत थे। जिनकी ओजस्वी वाणी और तेजस्वी स्वरूप सभी के हृदय में अपनी छाप छोड़ गया है।

पूर्व पालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी एवं महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि महाराज ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। श्रीमहंत विनोद गिरि महाराज साक्षात त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति थे। जिन्होंने संत समाज को एकजुट कर हमेशा सनातन धर्म के उत्थान के लिए संघर्ष किया। बाबा अमीर गिरी धाम की अध्यक्ष गीतामनीषी साध्वी डॉ. राधागिरी ने कहा कि पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन श्रीमहंत विनोद गिरि महाराज विलक्षण प्रतिभा के धनी संत थे। उनके द्वारा गंगा तट से जो सेवा प्रकल्प प्रारंभ किए गए थे। उनमें निरंतर बढ़ोतरी कर उनके अधूरे कार्य को पूरा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जूना अखाड़े के सचिव महंत देवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि संत महापुरुष केवल शरीर त्यागते हैं। समाज कल्याण के लिए उनकी आत्मा हमेशा इस धरा पर विराजमान रहती है।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी,महंत सूरज दास, महंत राम गिरी,और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने सचिव को दिया नैनीताल में नियमित छोटी पर्यटक बसों का सुझाव

जानकारी

8 डीएम वंदना ने भी मेट्रोपोल पार्किंग के प्रस्ताव को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजे जाने की जानकारी दी।

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के व्यवसायियों के संगठन मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के सदस्यों से संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन की अगुवाई में मुख्यालय में नैनीताल के पूर्व में डीएम रहते यहां की समस्याओं को समझने वाले प्रदेश के परिवहन सहित कई विभागों के सचिव अरविंद ह्यांकी से मुलाकात की और नगर की पर्यटन से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही उनसे समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया।

डीएम वंदना सिंह की उपस्थिति में नैनीताल क्लब में की गई इस मुलाकात में टंडन ने परिवहन सचिव ह्यांकी को लिखित पत्र भी सौंपते हुए कहा कि आज नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय के हालत बेहद नाजुक स्थिति में आ चुके हैं। नव वर्ष के अवसर पर यहां बेहद खराब पर्यटन व्यवस्थाओं के बाद वर्तमान में नैनीताल में पर्यटकों की आमद ना के बराबर है। पर्यटकों में नैनीताल की छवि पार्किंग अव्यवस्थाओं के बारे में पहले से खराब है। ऐसी स्थिति में अगर



नैनीताल में पर्यटकों की छोटी बसों को आने की अनुमति और उनकी नियमित शेड्यूलिंग करा दी जाए तो यह एक अत्यंत कारगर कदम साबित हो सकता है। इससे पर्यटकों को नैनीताल आने में सुविधा के साथ पार्किंग की समस्या से दूर रखने में भी काफी मदद मिल सकती है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया गया कि यह छोटी बसें रूसी बायपास या नारायण नगर तक चलायी जा सकती हैं या उन्हें पर्यटकों को नैनीताल छोड़कर कर रूसी बायपास या नारायण नगर में पार्क किया जा सकता है। इससे रूसी बायपास व नारायण नगर की पार्किंग स्थलों की लगातार उपयोगिता और रखरखाव भी बना रहेगा। ह्यांकी ने इसका संज्ञान लेते हुए उनके तल्लीताल के फांसी गधेरा में विकसित की जा रही पार्किंग सहित नगर में छोटी-छोटी पॉकेट पार्किंगों को विकसित करने के निर्देश दिये।

डीएम वंदना ने भी मेट्रोपोल पार्किंग के प्रस्ताव को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजे जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वहां से स्वीकृति मिलने पर मेट्रोपोल में पार्किंग बनायी जायेगी। संस्थापक अध्यक्ष टंडन ने डीएम से आने वाले ग्रीष्मकालीन पर्यटन सत्र और पॉकेट पार्किंग के संबंध में जल्द से जल्द बैठक बुलाने का भी आग्रह किया। इस पर डीएम ने फरवरी मध्य के बाद बैठक रखने की बात कही।

इस दौरान व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष तरुण कांडपाल, सचिव शिवशंकर मजूमदार भी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड इतिहास और संस्कृति की दृष्टि से समृद्ध राज्य है : डा. धन सिंह रावत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं विभाग में युग युगीन उत्तराखंड के इतिहास और संस्कृति के पुनरावलोकन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आईसीएचआर से अनुदानित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तराखंड सरकार डा. धन सिंह रावत ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य इतिहास एवं संस्कृति की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध राज्य है।

# महासंघ टैक्सी यूनियन के आह्वान पर रही टैक्सियों की हड़ताल

हड़ताल

8 -टैक्सी वालों ने मुख्यालय में जाम लगाने का भी किया प्रयास, यात्री-सैलानी रहे परेशान

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर सहित पूरे जनपद में शनिवार को टैक्सियों के पहिए जाम रहे। इस दौरान टैक्सी चालकों ने महासंघ टैक्सी यूनियन के आह्वान पर हड़ताल कर ऑटोमेटेड वाहन फिटनेस सेंटर में वाहनों की फिटनेस के लिये अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया। यही नहीं इस मुद्दे पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी देते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।



टैक्सी महासंघ ने जिलाधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी को पत्र लिखकर फिटनेस सेंटर की शिकायत भी की। इस दौरान निजी टैक्सियों पर निर्भय यात्री परेशान रहे, जबकि उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों पर यात्रियों का अधिक दबाव रहा। लोग पैदल अपने गंतव्य को जाने के लिये भी मजबूर रहे। सैलानी आगे रेलगाड़ी छूटने की समस्या से आशंकित रहे। टैक्सी वालों ने मुख्यालय में जाम लगाने का भी प्रयास किया।

महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर में फिटनेस सेंटर का निजीकरण करने से टैक्सी चालकों, मालिकों का उत्पीड़न हो रहा है।

2500 रुपये में होने वाली फिटनेस के लिये 8000 रुपये देने पड़ रहे हैं। महासंघ टैक्सी यूनियन नैनीताल के अध्यक्ष भरत भूषण ने कहा कि फिटनेस सेंटर में कोई भी मानक तय नहीं हैं और वाहन मालिकों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

# प्यार से इंकार करने पर युवती के चेहरे को केमिकल से था जलाया, कोर्ट ने सुनाई दस वर्ष की कैद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्यार से इंकार करने पर युवती के चेहरे पर जहरीला केमिकल फेंककर जलाने के मामले में पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद आर्य ने आरोपित युवक को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास व 50 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि दो नवम्बर 2020 को पथरी थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपित युवक ने रात में युवती के घर जाकर चेहरे पर केमिकल डालकर मुंह व नाक जला दिया था। पीड़ित लड़की की मां ने सुबह ही अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि घटना की रात करीब नौ बजे आरोपी युवक घर पर जूस लेकर आया था। खुद ही किचन में जाकर गिलास में डालकर पिलाया था। जूस पीने के बाद पीड़ित लड़की, उसकी माता व भाई सो गए थे। करीब रात तीन बजे पीड़ित लड़की चेहरे पर जलन होने की वजह से चिल्लाई, तो वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति हड़बड़ाकर भाग गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर पीड़िता की माता भी जाग उठी तो उसकी बेटी का केमिकल से मुंह व नाक जल गया था। पीड़िता के परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए ले गए थे। जहां डॉक्टर ने पुलिस केस बताते हुए सरकारी अस्पताल में रेफर किया था। गंभीरावस्था को देखकर एम्स ऋषिकेश व एम्स ऋषिकेश के बाद जौलीग्रांट रेफर किया गया था। इसके बाद पीड़ित लड़की के खुलासे के बाद आरोपित कदीर पुत्र इरफान निवासी ग्राम घिससुपुरा थाना पथरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपित युवक एक डेढ़ साल से पीड़िता के घर पर आने जाने लगा। मौका पाकर युवती से बात व प्यार का इजहार करने लगा।

# टेक्नोलॉजी की मदद से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की सभी चुनौतियों को दूर कर 5 सालों में सबसे आधुनिक बनेगी देश की न्याय व्यवस्था: अमित शाह

**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 5वें अंतर्राष्ट्रीय और 44वें अखिल भारतीय अपराध विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि, ह्यटेक्नोलॉजी की मदद से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की सभी चुनौतियों को दूर कर 5 सालों में देश की न्याय व्यवस्था दुनिया भर में सबसे आधुनिक बनेगी।

यह भी एक संयोग है कि नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 5वें अंतर्राष्ट्रीय और 44वें अखिल भारतीय अपराध विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली एक नए युग में प्रवेश कर रही है। दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून में आमूल-चूल परिवर्तन करते हुए नए भारत में नए कानून का प्रस्ताव रखा था। पहले के कानून का उद्देश्य अंग्रेजों के राज को सुरक्षित करना और भारतीयों को दंड देना था, अब न्याय की मूल भावना से कानून को लाया गया है। यह भी गौर करने वाली बात है कि पहले के कानून में ह्यदंडह्ण शब्द जुड़ा हुआ था, जबकि नए कानून में ह्यन्यायह्ण शब्द जुड़ा हुआ है। नए कानून में 7 साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फॉरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिट अनिवार्य करने वाले शाह का मानना है कि इससे जाँच आसान हो जाएगी और जजों का काम भी आसान हो जाएगा।

गुलामी की मानसिकता को खत्म कर न्याय की मंशा से कानून बनाने वाले भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि आने वाले 5 साल बाद देश में हर वर्ष 9,000 से अधिक फॉरेंसिक साइंस ऑफिसर्स तैयार होंगे। अमृतकाल में तीन नए कानून से इज ऑफ पुलिसिंग और इज ऑफ जस्टिस का दौर शुरू होने वाला है। आने वाले 1 साल में देशभर में नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 9 और कैंपस खुलेंगे जो क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में फॉरेंसिक साइंस के उपयोग के रिसोर्सेज तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। नए कानूनों में इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसीक्यूशन और न्यायिक प्रक्रिया में फॉरेंसिक साइंस को महत्व दिया गया है।

# हरिद्वार के सौदर्यीकरण के संबंध में बैठक

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को मेला नियंत्रण भवन (सीसीआर) में हरकी पैड़ी और उसके आसपास के क्षेत्रों के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में एक बैठक हुई।

जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने हरकी पैड़ी एवं उसके आसपास के क्षेत्रों के सौन्दर्यीकरण के सन्दर्भ में ली (एलईए) एसोसिएट्स साउथ एशिया प्रालि के पदाधिकारियों के साथ सौन्दर्यीकरण की डीपीआर तैयार करने में किन-किन बातों का ध्यान रखना है, के सम्बन्ध में विस्तार से विचार-विमर्श किया।

# बोनलोन इंडस्ट्रीज लगाएगी एल्युमिनियम प्लांट -तलोजा में लगेगी परियोजना

**देहरादून।** कॉपर वायर बनाने वाली कंपनी बोनलोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एल्युमिनियम रॉड और इंगट्स निर्माण की परियोजना लगा रही है। बीएसई में लिस्टेड बोनलोन इंडस्ट्रीज अपना नया आधुनिक एल्युमिनियम प्लांट महाराष्ट्र के तलोजा एमआईडीसी में लगाएगी। जिसकी शुरूआत में वार्षिक उत्पादन क्षमता 75 हजार टन होगी। इस प्लांट एल्युमिनियम स्क्रैप से रॉड, वायर और इंगट्स बनाए जाएंगे, जिनकी विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नए एल्युमिनियम प्लांट के लिए तलोजा में जगह ले ली गयी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस नए प्लांट में वित्त वर्ष 2024-25 से ही उत्पादन शुरू करने की योजना है। नया प्लांट 4 से 5 प्रतिशत शुद्ध लाभ मार्जिन के साथ कंपनी के कारोबार में सालाना 200 से 250 करोड़ रुपए का योगदान देगा। अरूण कुमार जैन फैमिली द्वारा प्रमोट बोनलोन इंडस्ट्रीज 25 साल पुरानी कंपनी है, जो मुख्यतः कॉपर वायर और रॉड का निर्माण करती है। बोनलोन में प्रमोटर समूह की 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बोनलोन ग्रुप की यह कंपनी कॉपर वायर निर्माण के साथ फेरस और नॉन-फेरस मेटल के व्यापार, होटल बिजनेस और सिविल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में भी कार्यरत है। विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में कॉपर वायर और रॉड की बढ़ती मांग के कारण पिछले तीन वर्षों में इसका कारोबार 135 करोड़ से करीब 4 गुना बढ़कर 511 करोड़ रुपए हो गया है। हालांकि कॉपर कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आने और ट्रेडिंग आय अधिक होने से लाभ मार्जिन कम रहा है।

प्रमोटर समूह की 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बोनलोन ग्रुप की यह कंपनी कॉपर वायर निर्माण के साथ फेरस और नॉन-फेरस मेटल के व्यापार, होटल बिजनेस और सिविल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में भी कार्यरत है

# उत्तरकाशी: भाजपा की गांव चलो अभियान की चिन्यालीसौंड में हुई कार्यशाला

चुनावी मोड़

8 -9 से 11 फरवरी को भाजपा चलाएगी गांव चलो अभियान : भाजपा महामंत्री संगठन अजय कुमार

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा पूरी तरह से लोकसभा चुनावी मोड़ में आ गई है। शनिवार को पार्टी ने चिन्यालीसौंड में जिला स्तरीय कार्यशाला का योजना किया। इसमें आगामी 9 से 11 फरवरी को भाजपा गांव चलो अभियान चलायेगी।

शनिवार को चिन्यालीसौंड में जिला स्तरीय कार्यशाला के बतौर मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता उत्तराखंड प्रदेश



भाजपा महामंत्री संगठन अजय कुमार उपस्थित रहे। यहां पर पार्टी पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष ने फूल माला शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

प्रदेश महामंत्री संगठन अजय ने कहा कि नौ से ग्यारह फरवरी तक जनपद के प्रत्येक गांव में भाजपा नेता 24 घंटे गांव में प्रवास करेंगे। इस दौरान मोदी सरकार के पिछले नौ वर्षों में लिए गए बड़े फैसलों की जानकारी गांव गांव में जाकर देंगे। कमल चुनाव चिन्ह हमारे विचार को पुष्ट करता है। हर चुनाव में इस चिन्ह का सम्मान बढे। इस चिन्ह की जीत ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। हम अपने आप को जागरूक रखें। भाजपा के विचार को लोगों तक पहुंचाने का काम करें हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जिन्होंने 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम को प्रकट होते देखा है।

उन्होंने गांव चलो अभियान के जिला संयोजक, सह संयोजक मण्डलों के संयोजकों से अपेक्षा कि वह 31 से 4 फरवरी तक मण्डलों की कार्यशाला करेंगे।

उत्तरकाशी जनपद के सह प्रभारी सौरभ थपलियाल ने गांव चलो अभियान में सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं से शत प्रतिशत हिस्सा लेने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र राणा ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत सभी पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता हर बूथ में जाकर रात्रि प्रवास कर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराएं। साथ ही वहां के सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों से राष्ट्रवादी विचारों वाले दल भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने आह्वान भी करेंगे ।

इस अवसर पर विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, उत्तरकाशी जनपद सह प्रभारी सौरभ थपलियाल, राष्ट्रीय मंत्री स्वराज विद्वान, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश चौहान, प्रवीण, बल्देव चौहान , राजेन्द्र सिंह गंगाडी आदि मौजूद रहे।

# जोशीमठ के मूल निवासियों को राजस्व ग्राम गौंख में भी बसाया जा सकता है

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
गौंख विकास संघर्ष समिति ने आपदा प्रबंधन सचिव को ज्ञापन भेजकर जोशीमठ नगर से दो किमी की दूरी पर स्थित राजस्व ग्राम गौंख में जोशीमठ नगर के अधिकांश प्रभावित मूल निवासियों को विस्थापित करने की बात कही है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वैज्ञानिकों की रिपोर्ट में जोशीमठ नगर पालिका के अधिकांश क्षेत्रों को भू धंसाव प्रभावित क्षेत्र में दशार्या गया है। राजस्व ग्राम गौंख में जोशीमठ के स्थानीय निवासियों की भूमि है और काफी बड़ा क्षेत्र राजस्व भूमि का भी है।



यदि इस गांव में सड़क, पानी, बिजली व अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास करते हुए नगर पालिका जोशीमठ में सम्मलित किया जाये तो यहां भी जोशीमठ नगर के प्रभावित मूल निवासियों को विस्थापित किया जा सकता है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सरकार के प्रस्तावित बमोथ गांव "गौचर" यहां के स्थानीय मूल निवासी इसलिए भी नहीं जाना चाहेंगे कि उनकी प्रभावित भूमि के अलावा आसपास अन्य काश्तकारी भूमि भी है, गौंख में विस्थापित होने से काश्तकारी के लिए आवाजाही भी कर सकते हैं। ज्ञापन में यथाशीघ्र राजस्व ग्राम गौंख का सर्वेक्षण कर प्रभावितों के हित में उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम हॉकी फाइव्स विश्व कप के फाइनल में



**मस्कट**. भारतीय महिला टीम ने यहां दक्षिण अफ्रीका पर 6-3 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए एफआईएच हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रविवार को भारत का सामना नीदरलैंड से होगा। अक्षता अबासो ढेकाले (सातवें मिनट), मारियाना कुजूर (11वें), मुमताज खान (21वें), रुतुजा दादासो पिसल (23वें), ज्योति छत्री (25वें) और अजीमा कुजूर (26वें) ने शुक्रवार रात हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के लिए गोल दागे। दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5वें), कप्तान टोनी मार्क्स (8वें) और डिर्की चेम्बरलेन (29वें) ने गोल किए। दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ में काफी डिफेंसिव शुरूआत की लेकिन गोल करने का पहला मौका भी उसे ही मिला। लेकिन भारतीय गोलकीपर रजनी इतिमारपु काफी सतर्क थी। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की डी ला रे के करीबी रिवर्स शार्ट से टीम ने शुरूआत में बढ़त बना ली। लेकिन यह ज्यादा देर नहीं रह सकी और अक्षता दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचराने को छकाते हुए ताकतवर शॉट से भारत को 1-1 की बराबरी पर कर दिया।

कप्तान टोनी ने गोल कर दक्षिण अफ्रीका को फिर बढ़त दिला दी लेकिन मारियाना के गोल से भारत फिर बराबरी पर था। दूसरे हाफ में दक्षिण अफ्रीका ने तेज शुरूआत की जिससे भारतीय गोलकीपर फिर से काफी सतर्क हो गयीं। मुमताज के गोल से भारत ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। फिर रुतुजा ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए गोल किया। दक्षिण अफ्रीका की कोशिशें जारी रही लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। खेल खत्म होने में 5 मिनट बचे थे कि ज्योति ने दक्षिण अफ्रीकी गोलकीपर को कोई मौका नहीं देते हुए गोल कर दिया। अजीमा ने गोल कर स्कोर 6-2 किया। हूटर से एक मिनट पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए चेम्बरलेन ने सांत्वना गोल दागा।

## नासिर हुसैन ने निकाली कप्तान बेन स्टोक्स के इस फैसले की हवा, बोले- मैं होता तो..

**हैदराबाद (तेलंगाना)**. भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन से पहले पूर्व अंग्रेजी क्रिकेटर नासिर हुसैन ने टीम में जेम्स एंडरसन को जगह न देने पर इंग्लैंड क्रिकेट प्रबंधन और कप्तान बेन स्टोक्स की निंदा की है। हुसैन ने कहा कि इंग्लैंड को तीन स्पिनरों के साथ खेलते देखकर वह आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा कि टीम में जो रूट के साथ, मेहमान टीम के पास चार स्पिनर और एक सीमर हैं। हुसैन ने यह भी बताया कि जैक लीच ने स्ट्रेस फैक्चर के बाद कई महीनों से गेंदबाजी नहीं की है।



बहरहाल हुसैन ने कहा कि मैंने खेल से पहले कहा था कि मैं एंडरसन को खिलाऊंगा। मैं टीम के संतुलन से थोड़ा आश्चर्यचकित था क्योंकि कुछ लोग 3 स्पिनर कह रहे हैं, लेकिन रूट के साथ, हमारे पास वास्तव में चार स्पिनर और एक सीमर है। मैं समझ गया था कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। सबसे पहले, उन्होंने एक खाली पिच देखी है जो टर्न लेने वाली है। उन्होंने भारत में पिछला इतिहास भी देखा जिसमें यहां पिचें टर्न करती हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि इंग्लैंड भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान ओली रॉबिन्सन के साथ जा सकता था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के लिए स्पिनर अच्छे नहीं गए हैं।

लीच चोट से वापसी कर रहे हैं। ऐसे में इंग्लैंड ने नए गेंदबाज रेहान और हार्टले को परखा लेकिन यह ठीक नहीं है। उनके पास पर्याप्त अनुभव नहीं है। अगर वहां एंडरसन भी होते तो यह आपको बैलेंस दे देता। अगर एंडरसन नहीं है तो रॉबिन्सन हो सकता था। बस एक और सीमर की जरूरत थी। एंडरसन का प्रदर्शन भारत के लिए असाधारण रहा है। वह आपको नियंत्रण देता है, वह कटर फेंकता है, उसे रिवर्स स्विंग मिलती है। वह इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान गेंदबाज है।

### हक्के बक्के रह गए जॉनी बेयरस्टो

# बोल्ड होने के बाद भी क्रीज पर रह गए खड़े, देखिए रविंद्र जडेजा ने ऐसे फंसाया जाल में

**रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को दूसरी पारी में एक बेहतरीन गेंद पर क्लीन बोल्ड किया। आउट होने के बाद बेयरस्टो यकीन नहीं कर पाए कि वह कैसे आउट हो गए हैं।**

**नई दिल्ली**. इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में क्लीन बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। रविंद्र जडेजा के खिलाफ पहली पारी में उन्होंने खूब रन बटोरे थे लेकिन दूसरे पारी में वह कमाल नहीं दिखा सके।

जडेजा ने उन्हें अपनी जाल में फंसाया। जॉनी बेयरस्टो आउट होने के बाद यकीन नहीं कर पा रहे थे कि कैसे गेंद स्टंप पर आकर लग गई है और इस वजह से वह आउट होने के कुछ देर बाद तक क्रीज पर ही खड़े होकर स्टंप को निहारते हुए नजर आए।

इंग्लैंड की दूसरी पारी के 28वें ओवर में जॉनी बेयरस्टो ने दूसरी ही गेंद पर चौका लगाया। जडेजा ने अगली गेंद पर उन्हें चारे खाने चित किया। गेंद ऑफ स्टंप से टर्न होकर बाहर की तरफ गई, जिसे बेयरस्टो छू नहीं सके। अगली गेंद जडेजा ने स्टंप के लाइन में रखी और बेयरस्टो ने उसे छोड़ने का फैसला किया, और गेंद स्टंप में जाकर लगी। बेयरस्टो आउट होने के बाद भी यकीन नहीं कर पा रहे थे कि उन्हें पवेलियन लौटना पड़ेगा। वह कुछ देर तक क्रीज पर रुके और गेंद की लाइन को निहारते नजर आए।

इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने 24 गेंद में 10 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने एक चौका लगाया। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 5 विकेट गंवा दिए हैं। इंग्लैंड अब भी भारत से पीछे है। बुमराह और अश्विन ने 2-2 विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन लंच तक एक विकेट गंवाकर 89 रन बनाए थे लेकिन दूसरे सेशन में इंग्लैंड की टीम ने चार विकेट गंवाए। बेन डकेट (47), जो रूट (2), जॉनी बेयरस्टो (10) और बेन स्टोक्स ने 6 रन का योगदान दिया।



## जसप्रीत बुमराह ने भारत पर नहीं भारी पड़ने दी रोहित शर्मा और केएस भरत की गलती, ऐसे उड़ाया हैदराबाद में गर्दा

**नई दिल्ली**. इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के तीसरे दिन एक ऐसी घटना देखने को मिली जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान जसप्रीत बुमराह काफी तीखी गेंदबाजी कर रहे थे। इस बीच उन्होंने इंग्लिश सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को 17वें ओवर में अपने जाल में फंसाया था। भारत ने खब्बू आउट की अपील की, मगर अंपायर ने नकार दिया। टीम इंडिया के पास डीआरएस लेने का मौका था, मगर केएस भरत की बात मानकर रोहित शर्मा ने रिव्यू नहीं लिया। बुमराह इस फैसले से थोड़ा निराश थे। बाद में जब रिप्ले में बॉल ट्रैकिंग को दिखाया गया तो डकेट आउट पाए गए। बुमराह रिप्ले देखने के बाद और ज्यादा हताश नजर आए।

रोहित शर्मा और केएस भरत की यह गलती भारत पर भारी पड़ सकती थी क्योंकि डकेट उस समय 39 रन बनाकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। हालांकि बुमराह ने इस भूल को भारत पर ज्यादा भारी नहीं पड़ने दिया। 19वें में आकर 5वीं गेंद पर इस बार डकेट (47) को क्लीन बोल्ड किया। इस बार उन्हें विकेट के लिए रिव्यू की जरूरत नहीं पड़ा।



बेन डकेट का विकेट लेने के बाद जसप्रीत बुमराह का रिएक्शन देखने वाला था।

बात मुकाबले की करें तो, तीसरे दिन इंग्लैंड ने शानदार गेंदबाजी कर भारत को 436 रनों पर ही समेट दिया। यह तीन विकेट मेहमानों ने महज 15 रन के अंदर चटकाए। भारत ने पहली पारी के बाद इंग्लैंड पर 190 रनों की बढ़त हासिल की। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने अर्धशतक जड़े, वहीं जो रूट ने इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए। इसके बाद इंग्लैंड ने लंच ब्रेक तक 1 विकेट के नुकसान पर 89 रन लगाए। अश्विन ने जैक क्रॉली को आउट कर भारत को यह सफलता दिलाई थी।

## तन्मय अग्रवाल की मैराथन पारी का हुआ अंत, ऐसा कारनामा करने वाले बनें दुनिया के पहले बल्लेबाज

**तन्मय अग्रवाल की मैराथन पारी का अंत 366 रन पर हुआ। उन्होंने इस पारी में 34 चौके तो 26 छक्के जड़े। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 200+ के स्ट्राइक रेट के साथ तिहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं।**



**नई दिल्ली**. हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल की मैराथन पारी का अंत 366 के स्कोर पर हुआ। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बने। तन्मय से अधिक रन भारत के लिए रेड बॉल क्रिकेट में बीबी निंबालकर (443*) और पृथ्वी शॉ (379) ने बनाए हैं। तन्मय की पारी का अंत अरुणाचल प्रदेश के गेंदबाज नबाम टेम्पोल ने किया। आउट होने से पहले उन्होंने अपनी इस पारी में 34 और 26 गगनचुंबी छक्कों के साथ कई रिकॉर्ड्स बनाए।

## IND vs ENG : गावस्कर के बाद अनिल कुंबले ने भी घेरा शुभमन गिल को, बल्लेबाजी पर कही यह बात

**खेल डैस्क**. पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में चल रहे पहले टेस्ट के दौरान युवा प्रतिभा शुभमन गिल की बल्लेबाजी तकनीक में एक महत्वपूर्ण खामी बताई है। इससे पहले पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर भी शुभमन की पहली पारी में खेले गए शॉट को लेकर आलोचना कर चुके हैं। शुभमन टेस्ट में अपनी फॉर्म को लेकर निशाने पर हैं। उन्होंने मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी शतक लगाया था। इसके बाद वह 10 पारियों में एक भी अर्धशतक लगा नहीं पाए हैं।

बहरहाल, दूसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान बोलते हुए कुंबले ने गिल को स्पिनरों का सामना करते समय स्ट्राइक रोटेट करने की अपनी क्षमता बढ़ाने को कहा। कुंबले ने चेतेश्वर पुजारा और राहुल द्रविड़ के दृष्टिकोण के साथ समानताएं बताईं, जो लगातार इस नंबर पर खेले हैं। उन्होंने गिल से स्पिन के खिलाफ खेलते समय नरम रुख अपनाने का आग्रह किया। कुंबले बोले- इस नंबर पर दबाव बढ़ता है। स्ट्राइक रोटेट करने में संघर्ष करना पड़ता है लेकिन इसे सीखना महत्वपूर्ण है।

कुंबले ने कहा कि हमारे बीच पुजारा और द्रविड़ है जोकि इस नंबर पर फिट रहे हैं। उन्हें स्ट्राइक रोटेट करने में महारत हासिल करनी होगी। मुलायम हाथों से स्पिन खेलना और कलाई का उपयोग करना आवश्यक है। उसे इसे अपने खेल में शामिल करना होगा। कल, जब वह बल्लेबाजी के लिए आए थे तो उन्होंने अपना समय लिया था। लेकिन टिकने के बाद उन्हें फिर से चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह टर्न के खिलाफ रिलीज शॉट खेलने के प्रयास में फंस गए। मेरी राय में यह आदर्श शॉट नहीं था।



इससे पहले गावस्कर ने कमेंट्री में निराशा व्यक्त करते हुए गिल के शॉट चयन के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि वह उस शॉट से क्या प्रयास कर रहा था ? अगर उसका लक्ष्य इसे हवा में मारना था तो यह समझ में आता है।

बल्कि यह एक खराब तरीके से खेला गया ऑन-ड्राइव था। इतने कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने अपनी पारी को संवारा और अब ऐसा शॉट खेल दिया।

# रविंद्र जडेजा दुनिया के बेस्ट क्रिकेटर

## सुनील गावस्कर ने ऑन एयर ऑलराउंडर के प्रदर्शन को सराहा

**भारत के दिग्गज सुनील गावस्कर ने रविंद्र जडेजा को दुनिया का बेस्ट क्रिकेटर बताया है। जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ 87 रनों की दमदार पारी खेली और गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए थे।**

**नई दिल्ली**. भारत ने हैदराबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाया है। भारत ने शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 436 रन बनाए। मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम एक समय लगातार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन राहुल और जडेजा ने पारी को संभालते हुए बढ़त दिलाई। राहुल के आउट होने के बाद जडेजा ने तीसरे दिन तक बल्लेबाजी की। हालांकि वह शतक से चूक गए। उन्होंने 180 गेंद में 87 रन की पारी खेली। भारत के दिग्गज सुनील गावस्कर ने जडेजा के प्रदर्शन की तारीफ की है।

इंग्लैंड की पारी के दौरान रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन विकेट लिए और इंग्लैंड को ऑलआउट करने में अहम भूमिका निभाई। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर कहा। सुनील गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान कहा, %%जडेजा बल्ले, गेंद और फील्ड में जैसा योगदान देते हैं उससे शायद वह दुनिया के बेस्ट क्रिकेटर हैं।%%

भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रविंद्र जडेजा का आईसीसी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर दबदबा रहा है। भारत पहली पारी में 436 रन पर सिमट गया, जिसमें रविंद्र जडेजा (87) और अक्षर पटेल (44) व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रहे। मेजबान टीम रात के सात विकेट पर 421 रन के स्कोर में केवल 15 रन ही जोड़ सकी लेकिन उसने 190 रन की बढ़त हासिल की। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 3 विकेट खोकर 120 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड की टीम अभी 70 रन से पीछे है। बुमराह ने दो विकेट लिए हैं।



## बेन स्टोक्स के लिए जी का जंजाल बना आर अश्विन का 'जाल', डेविड वॉर्नर का अनचाहा रिकॉर्ड हुआ ध्वस्त

**नई दिल्ली**. इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पहला टेस्ट हैदराबाद के मैदान पर खेला जा रहा है। भारत के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने पहली पारी में तीन शिकार करने के बाद शनिवार को दूसरी पारी में भी असरदार गेंदबाजी की। उन्होंने टी ब्रेक तक इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉली (31) के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स (10) को अपने जाल में फंसाया। स्टोक्स ने 24 गेंदों का सामना किया और एक चौका लगाया। वह 37वें ओवर में बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। स्टोक्स जैसे ही आउट हुए, उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

दरअसल, स्टोक्स टेस्ट में अश्विन द्वारा सबसे ज्यादा बार आउट किए जाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अश्विन अब तक 12 मर्तबा स्टोक्स का शिकार कर चुके हैं। स्टोक्स ने हाल ही में टेस्ट से रिटायरमेंट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया है, जिन्हें अश्विन ने 11 बार आउट किया। वॉर्नर के बाद लिस्ट में इंग्लैंड पूर्व क्रिकेटर एलेस्टेयर कुक हैं। बता दें कि अश्विन टेस्ट में किसी एक बल्लेबाज को सर्वाधिक बार आउट करने वाले भारतीय स्पिनर हैं। उनके बाद फेहरिस्त में पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह हैं, जिन्होंने रिकी पोंटिंग को 10 बार आउट किया।



**आर अश्विन ने हैदराबाद टेस्ट की दूसरी पारी में बेन स्टोक्स को बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। स्टोक्स टेस्ट में अश्विन द्वारा सबसे ज्यादा बार आउट किए जाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वॉर्नर पीछे छूट गए।**

टेस्ट में अश्विन द्वारा सर्वाधिक बार आउट किए गए बल्लेबाज

12 - बेन स्टोक्स
11 - डेविड वॉर्नर
9 - एलेस्टेयर कुक
8 - टॉम लैथम/स्टीव स्मिथ/क्रेग ब्रेथवेट

मैच की बात करें तो इंग्लैंड के 246 रन के जवाब में मेजबान भारत ने पहली पारी में 436 रन जुटाए। भारत को पहली पारी के आधार पर 190 रन की दमदार बढ़त मिली। यशस्वी जायसवाल ने 80 और केएल राहुल ने 86 रन का योगदान दिया। रविंद्र जडेजा के बल्ले से 87 रन निकले।

वहीं, इंग्लैंड ने दूसरी पारी में सधी हुई शुरुआत की। क्रॉली और बेन डकेट (47) ने पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड के 163 रन के स्कोर पर पांच विकेट गिर गए।

